जेहि जेहि देस धेनु द्विज पावहि । नगर गाऊँ पुर आगि लगावहि !!
धेनु रूप धरि हृदयँ बिचारी । गई तहाँ जहाँ सुर मुनी झारी ।।
|| Ram Katha 964 – ✻मानस गौ सूक्त || Barsana ( UP) || मोरारी बापू

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 71 | इंदौर, मंगलवार 23 सितंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## ◆ इंदौर पुलिस के ट्रैफिक हेल्पलाइन नंबर

## 7049107620 पर शिकायतों का सिलसिला हुआ शुरू

◆ पहले दिन आई 26 शिकायतें, अधिकतर का किया गया निराकरण

◆ पुलिस द्वारा किया जा रहा है त्वरित निराकरण का हरसंभव प्रयास।




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** शहर में सुगम सुरक्षित व सुखद यातायात हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में यातायात प्रबंधन पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। शहर की यातायात व्यवस्था को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से पुलिस कमिश्नर इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में इंदौर यातायात प्रबंधन पुलिस द्वारा 21.09.25 को एक हेल्पलाइन नंबर – 7049107620 जारी किया गया है, ताकि आम नागरिकगण यातायात व्यवस्था से संबंधित समस्याओं की सूचना दे सकें।

उक्त हेल्पलाइन पर पहले दिन 22.09.25 को ट्रैफिक पुलिस को कुल 26 शिकायते प्राप्त हुई, जिनमें से अधिकतर का त्वरित निराकरण किया गया है। जिनमें कुछ इस प्रकार की शिकायते आई-

1. धार्मिक आयोजन के कारण ट्राफिक जाम संबधी ।
2. बीच रोड पर ट्रक या कोई निजी वाहन के खराब हो जाने से उत्पन्न ट्राफिक जाम संबंधी।
3. बसे, रिक्शा, मेजिक या अन्य पेसेजर व्हीकल द्वारा रोड पर सवारी बैठाने संबधी।
4. वाहनों द्वारा रेड लाईट जम्प कर नियमो का उल्लंघन संबधी।
5. सिटी मे ट्रक या भार वाहन आने संबधी ।
6. विभिन्न स्थानो पर वनवे क्षेत्र एवं ओवरटेकिगं मे वाहन को ले जाना जैसी शिकायते
7. वाहन चालक द्वारा अपने निजी वाहन को पेसेंजर वाहन के रूप मे उपयोग करने संबधी शिकायते।
8. शहर में दुकानों के बाहर बेतरतीब वाहन पार्किंग से जाम लगने संबंधी।

उक्त शिकायतों में उल्लेखित समस्याओ पर त्वरित निराकरण कर जाम हटवाया गया, दुकानों व धर्मिक आयोजन के कारण जो यातायात व्यवस्था में परेशानी आ रही थी उसको भी व्यवस्थित कर, दुकानदारों व कार्यक्रम आयोजनकर्ताओं को सही तरीके से पार्किंग व यातायात बाधित नही करने के बारे में सख्त हिदायत दी गई। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चलानी कार्यवाही की गई है और रेड लाइट जम्प करने वाले चालको के विरुद्ध ITMS के तहत कार्यवाही की जा रही हैं।

आम नागरिकों से अनुरोध है कि सुव्यवस्थित यातायात हेतु इंदौर पुलिस को सहयोग दें और किसी भी प्रकार की ट्रैफिक संबंधी समस्या होने पर हेल्पलाइन नंबर - **7049107620** पर सूचना दें।

## इंदौर में बिल्डिंग गिरी

# दो की मौत, 12 घायल 4 की हालत गंभीर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में सोमवार रात करीब सवा 9 बजे बड़ा हादसा हो गया। शहर के रानीपुरा इलाके में 3 मंजिला मकान गिर गया। इसमें एक युवती समेत दो लोगों की मौत हो गई जबकि 12 घायल हो गए। इनमें 3 महीने की बच्ची भी शामिल है। घायलों में से 4 लोगों की हालत गंभीर है।**

कलेक्टर शिवम वर्मा ने बताया कि हादसे में अल्फिया (20) पिता रफीउद्दीन और फहीम की मौत हो गई। अल्फिया को रात करीब डेढ़ बजे जबकि फहीम का शव मंगलवार सुबह करीब 4 बजे निकाला जा सका। सभी घायलों को भी एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक, इस 3 मंजिला बिल्डिंग में 4 परिवार रहते हैं। इनमें से 9 लोग किसी रिश्तेदार के यहां गए थे जबकि मलबे में 14 लोग दब गए थे। मकान सम्मू बाबा का है और करीब 10-15 साल पुराना है। ये भी बताया जा रहा है कि बारिश के कारण बिल्डिंग में दरारें पड़ गई थीं। मकान के तलघर में पानी भरा रहता था, इसी वजह से ये धंस गया था।



### मेयर समेत कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी पहुंचे

हादसे की सूचना मिलते ही कलेक्टर शिवम वर्मा और पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह समेत पुलिस और प्रशासन के कई अधिकारी मौके पर पहुंचे। नगर निगम के अधिकारियों के साथ ही महापौर पुष्यमित्र भार्गव और भाजपा विधायक गोलू शुक्ला समेत कई जनप्रतिनिधि भी पहुंचे। मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। जिसे पुलिस ने हटाया। बिजली कंपनी ने इलाके की लाइट बंद कर दी। रेस्क्यू टीम ने बिजली के तारों को काट दिया ताकि रेस्क्यू तेजी से किया जा सके।

# 15 दिन बाद आज होगी मोहन कैबिनेट की बैठक

◆ सारणी और चचाई में 1320 मेगावाट के थर्मल पावर प्लांट को मिलेगी मंजूरी

**भोपाल, एजेंसी। मोहन कैबिनेट की बैठक में आज 1320 मेगावाट के दो थर्मल पावर स्टेशन को मंजूरी मिलने की संभावना है। साथ ही, दशहरा पर्व के मद्देनजर प्रभार वाले जिलों में शस्त्र पूजन और चल समारोह की व्यवस्थाओं को लेकर मुख्यमंत्री मंत्रियों को निर्देश देंगे**

करीब 15 दिन बाद हो रही इस कैबिनेट बैठक में अनूपपुर और बैतूल जिलों में प्रस्तावित दो थर्मल पावर यूनिट्स को मंजूरी दी जा सकती है। इन दोनों पावर प्लांट्स की कुल क्षमता 1320 मेगावाट होगी, जिनमें प्रत्येक की उत्पादन क्षमता 660-660 मेगावाट निर्धारित की गई है।

अमरकंटक के चचाई और बैतूल के सारणी में लगने वाले इन पावर प्लांट्स पर लगभग 24,000 करोड़ रुपए की लागत आने का अनुमान है। सरकार



इन परियोजनाओं के माध्यम से भविष्य के लिए बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में कदम बढ़ा रही है।

इसके अलावा, कैबिनेट बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के धार दौरे के बाद पीएम मित्रा पार्क से मिलने वाले रोजगार अवसरों और प्रस्तावित औद्योगिक इकाइयों को लेकर भी चर्चा की जाएगी। उल्लेखनीय है कि पिछले मंगलवार को ई-ऑफिस सिस्टम का सर्वर धीमा होने और प्रधानमंत्री के दौरे के चलते कैबिनेट बैठक आयोजित नहीं हो सकी थी।

### शस्त्र पूजन में शामिल होने का मिल सकता है निर्देश

नवरात्र पर्व प्रारंभ हो चुका है और आगामी 2 अक्टूबर को शस्त्र पूजन किया जाएगा। इस अवसर पर सरकार मंत्रियों को निर्देश दे सकती है कि वे अपने प्रभार वाले जिलों में शस्त्र पूजन में शामिल हों और कानून-व्यवस्था की समीक्षा के साथ चल समारोह की व्यवस्थाओं पर भी निगरानी रखें।

# निर्माणाधीन सड़कों, पुल-पुलियाओं और ओव्हरब्रिज आदि निर्माण कार्य निधारित समयसीमा में पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण हो

## बारिश से क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत को दी जाये प्राथमिकता :- अपर मुख्य सचिव श्री अनुपम राजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** अपर मुख्य सचिव श्री अनुपम राजन ने कहा कि इंदौर संभाग में निर्माणाधीन सड़कों, पुल-पुलियाओं और ओव्हरब्रिज आदि निर्माण कार्य निधारित समयसीमा में पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण किये जायें। कार्यों में समयसीमा का विशेष ध्यान रखा जाये। उन्होंने कहा कि संभाग में बारिश से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की मरम्मत विशेष प्राथमिकता के साथ किया जाये। यह सुनिश्चित किया जाये कि किसी भी स्थिति में सड़कों पर जाम की स्थिति नहीं बने और यातायात सुचारू चलता रहे। उन्होंने सिंहस्थ के कार्यों पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये।



श्री अनुपम राजन इंदौर में आयोजित संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। यह बैठक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के मध्य समन्वय बनाये रखने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा दिए गये निर्देशों के अनुपालन में आयोजित की गई। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संभाग स्तरीय समीक्षा के लिये भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारियों को संभाग का दायित्व सौंपा है। इंदौर संभाग के लिये श्री अनुपम राजन को नियुक्त किया गया है। श्री राजन ने पूर्व में आयोजित संभाग स्तरीय बैठक के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा की और जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर उनके महत्वपूर्ण सुझाव भी लिये। उन्होंने आगामी कार्ययोजना के संबंध में भी जनप्रतिनिधियों के साथ विस्तार से चर्चा की।

बैठक में संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, खरगोन सांसद श्री गजेन्द्र सिंह पटेल, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, विधायकगण श्री रमेश मेंदोला, श्री गोलू शुक्ला, श्रीमती मालिनी गौड़, श्री मधु वर्मा, श्रीमती अर्चना चिटनीस, सुश्री मंजू दादू, श्रीमती नीना वर्मा, श्री कालू सिंह, श्री राजकुमार मेव, श्री केदार डावर, श्रीमती झूमा सोलंकी, श्रीमती छाया मोरे, श्रीमती कंचन तन्वे, श्री नारायण पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे। संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर्स और जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों सहित अन्य अधिकारी भी शामिल हुए। बैठक में संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने संभाग के संबंध में जानकारी दी। इंदौर कलेक्टर श्री शिवम वर्मा सहित संभाग के अन्य जिलों के कलेक्टर्स ने अपने-अपने जिलों की प्रगति के बारे में बताया।

बैठक में अपर मुख्य सचिव श्री अनुपम राजन ने जनप्रतिनिधियों द्वारा अनुशंसित कार्यों की अद्यतन स्थिति, पूर्व में आयोजित संभागीय बैठक में बतायी गई समस्याओं के निराकरण, शासन की योजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की प्रगति तथा आगामी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी द्वारा लागू यह व्यवस्था प्रभावकारी और परिणाममूलक है। इससे जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हो रहा है। विकास कार्यों को समय पर पूरा करने के लिये जिला, संभाग और राज्य स्तर के मध्य समन्वय स्थापित कर कार्य हो रहे हैं। कार्यों की गुणवत्ता में भी सुधार आ रहा है। बैठक में सभी जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं और विकास कार्यों के संबंध में जानकारी दी।

# शहर में मना नो कार डे, कार के बजाए सायकल व ई रिक्शा से निकले लोग





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में हर साल 22 सितंबर को नो कार डे मनाया जाता है। सप्ताह की शुरुआत के पहले दिन ज्यादातर शहरवासी घरों से निकले, लेकिन के कारों के बजाए दोपहिया वाहन या सायकल पर नजर आए। गीताभवन से पलासिया क्षेत्र तक का हिस्सा कार फ्री जोन बनाया गया। यहां कारें नजर नहीं आई। शहर के अन्य हिस्सों में भी काफी कम कारों को उपयोग किया गया। नो कार डे को मनाने का उद्देश्य पर्यावरण मित्र साधनों को महत्व देना और ईंधन की बचत करना है।**

सोमवार सुबह मेयर पुष्य मित्र भार्गव एमआईसी मेंबरों के साथ सायकल पर निकले। वे बीआरटीएस पर लोगों को उत्साहवर्धन करते रहे। निगमायुक्त दिलीप कुमार यादव सुबह छह बजे निगम अफसरों के साथ ट्रेंचिंग ग्राउंड के दौरे पर गए। इसके लिए उन्होंने बस का उपयोग किया। मंत्री तुलसी सिलावट सुबह हनुमान मंदिर के दर्शन करने जाते हैं। इसके लिए उन्होंने ई रिक्शा मंगाया और पत्नी के साथ मंदिर पहुंचे। हाईकोर्ट के कुछ जज भी अपने घरों से कार के बजाए पैदल निकले और कोर्ट पहुंचे। बीते कुछ वर्षों से यह आयोजन नगर निगम शहरवासियों के साथ मिलकर करता आ रहा है।

वर्ष 2023 में एक दिन में 80 हजार लीटर ईंधन बचत हुई थी और वायु गुणवत्ता सूचकांक भी 18 प्रतिशत सुधरा था। इसके बाद हर साल 22 सितंबर को नो कार डे के दौरान ईंधन की बचत हुई। सोमवार को पलासिया से राजवाड़ा तक साइकलोथॉन का आयोजन भी किया गया। इसमें शहरवासियों व अफसरों ने हिस्सा लिया। निगमायुक्त दिलीप कुमार यादव सुबह छह बजे अफसरों के साथ ट्रेंचिंग ग्राउंड का दौरा करने निकले। इसके लिए उन्होंने कार के बजाए बस का उपयोग किया। शहर में रोज की तुलना में काफी कम कारें सोमवार को नजर आई।

# चूहाकांड के बाद एमवाय की सफाई देखने पहुंचे मेयर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। सरकारी अस्पताल एमवाय में चूहों द्वारा दो नवजात को कुतरने की घटना के बाद सफाई व्यवस्था को लेकर शासन-प्रशासन सतर्क है। सोमवार को महापौर पुष्यमित्र भार्गव अचानक अस्पताल पहुंचे और सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल एडमिनिस्ट्रेशन से बात की और कहा कि अब वे हफ्ते में एक दिन अस्पताल आकर सफाई व्यवस्था देखेंगे।**



बता दें कि प्रदेश में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सेवा पखवाड़े के तहत सफाई अभियान की शुरुआत एमवाय अस्पताल से की थी। इस अभियान के बाद अस्पताल में सफाई की क्या स्थिति है, यही देखने महापौर पहुंचे थे। महापौर भार्गव ने कहा कि एमवाय की घटना के बाद से सभी चिंतित थे। खुद सीएम ने सेवा पखवाड़े के तहत सफाई अभियान की शुरुआत यहां से की थी। बिल्डिंग के अंदर और बाहर हर तरीके से सफाई मेंटेन हो उसका औचक निरीक्षण किया है। 17 सितंबर को बिल्डिंग के अंदर जो सफाई व्यवस्था थी वह आज भी देखने को मिली है, लेकिन बाहर और बाकी कई चैलेंज हमें एडमिनिस्ट्रेशन ने बताए हैं। इसे लेकर जिला प्रशासन से भी बात की है। कमिश्नर हेल्थ और मेडिकल एजुकेशन से भी इस विषय में बात करेंगे कि बाहर की सफाई को चैलेंजेस को कैसे दूर किया जाए। जिस काम की शुरुआत सीएम ने की है उसके पैरामीटर मेनटेन रहें, उसे देखने की जिम्मेदारी हमारी है। इसलिए हफ्ते में कम से कम एक बार एमवाय की सफाई व्यवस्था को देखेंगे और उसे एक कदम आगे बढ़ाते हुए हमारे नगर निगम की जो क्लीनलीनेस के एक्सपर्ट हैं, वेस्ट मैनेजमेंट के एक्सपर्ट की टीम एमवाय का दौरा करेगी। इसके बाद यहां की हाउस कीपिंग एजेंसी को सुझाव देगी। बाहर का काम कैसे होगा इसे लेकर बैठक भी करेंगे। भार्गव ने कहा कि एमवाय परिसर साफ और स्वच्छ रहे इसकी जिम्मेदारी हमारी है। यहां एडमिनिस्ट्रेशन को निर्देश दिए हैं कि इसके मेंटनेंस में कोई कोताही ना बरती जाए और नेग्लिजेंस करने वालों पर तुरंत कार्रवाई करें। यहां के सुप्रीटेंडेट और बाकी टीम की जिम्मेदारी है कि जिस एजेंसी को काम मिला है वह ठीक से काम कर रहे हैं या नहीं। इसकी डे-टू-डे रिपोर्टिंग अपने सीनियर, कलेक्टर को करें कोई दिक्कत आए तो हमें भी बताएं।

# सैनिक सम्मेलन का आयोजन 25 सितम्बर को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर जिले एवं आस-पास के क्षेत्रों में निवासरत पूर्व सैनिकों, वीरनारियों, विधवाओं एवं आश्रितों की समस्याओं के निदान के लिये मासिक सैनिक सम्मेलन का आयोजन 25 सितम्बर 2025 को सुबह 11.30 बजे से जिला सैनिक कल्याण कार्यालय जयरामपुर कालोनी इंदौर के सभागार में किया गया है।**

इस दौरान कमांडर नगेशचंद्र मालवीय (से.नि.), जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सम्मेलन को संबोधित करेंगे। सम्मेलन के दौरान पूर्व सैनिकों, सैनिक विधवाओं, आश्रितों एवं वीर नारियों की समस्या का निदान किया जायेगा एवं शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। सभी पूर्व सैनिकों एवं परिवारों से अपील की गई है कि जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के सभागार में उपस्थित रहकर इस अवसर का लाभ अवश्य लें।

माता का आगमन हाथी पर! देश की प्रगति का शुभ संकेत...

# बिजासन और हरसिद्धि मंदिर में बड़ी संख्या में दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालु

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। महापर्व को इंदौर के ऐतिहासिक मंदिरों में धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस वर्ष माता का आगमन गज (हाथी) पर हुआ है, जिसे देश की प्रगति और कृषि उन्नति का प्रतीक माना जाता है। इंदौर के हरसिद्धि और बिजासन मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।**

सोमवार से शारदीय नवरात्रि शुरू हो गई। देवी शक्ति की उपासना का यह महापर्व कभी नौ और कभी-कभी दस दिन का होता है। इस दौरान मंदिरों में धूम रहती है। सामान्य बोलचाल की भाषा में शारदीय नवरात्रि को छोटी नवरात्रि और चैत्र नवरात्रि को बड़ी नवरात्रि कहते हैं, पर धूमधाम शारदीय नवरात्रि में अधिक रहती है। इस वर्ष शारदीय नवरात्रि में आई माता का वाहन गज यानि हाथी है,





जो बहुत ही शुभ और देश की प्रगति का सूचक है। शारदीय नवरात्रि में इंदौर के ऐतिहासिक देवी मंदिरों में माता भक्त बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। शहर के प्राचीन मंदिरों में हरसिद्धि और बिजासन मंदिर प्रमुख हैं। देवी आराधना में ग्रहों का विशेष महत्व रहता है। देवी का गज पर आगमन यानि कृषि के साथ देश की आर्थिक उन्नति का प्रतीक माना जाता है। देवी मंदिरों के प्रवेश द्वार पर हाथी निर्मित होते हैं। नगर में अन्नपूर्णा मंदिर के प्रवेश द्वार पर विशाल हाथी इस बात का प्रमाण है। इंदौर नगर में देवी मंदिरों में दर्शनार्थियों की भीड़ और गरबा स्थलों पर गरबा खेलने वाले युवक-युवतियों की भीड़ से रौनक रहेगी। मराठा शासकों के अंतर्गत इंदौर जिसके होलकर प्रमुख थे। नगर में शिव और देवी मंदिरों की प्राचीन मूर्तियां और मंदिर नगर में करीब 200 वर्ष से विद्यमान है। मराठाकाल के निर्मित मंदिरों में शिव और शक्ति के मंदिरों की प्रधानता रही है। इन मंदिरों की निर्माण की मराठा शैली इस बात का प्रमाण है। नगर में प्राचीन देवी मंदिर इस बात का प्रमाण है। इंदौर नगर के मध्य में स्थित हरसिद्धि माता का मंदिर आस्था और श्रद्धा का मुख्य केंद्र है। नदी के सम्मुख निर्मित देवी हरसिध्दि का मंदिर हरिराव होलकर के कार्यकाल (1834-1843) में निर्मित हुआ था। ऐसी मान्यता ही की स्वप्न में देवी ने एक ब्राह्मण को रात्रि में कहा कि सुबह एक प्रतिमा मिलेगी इसे उसी स्थान पर प्रतिष्ठित करो, स्वप्न साकार हुआ। होलकर राज्य के अधिकारियों को यह बात बताई गई और देवी हरसिद्धि का मंदिर का निर्माण करवाया गया। यहां नवरात्रि में भक्तों की काफी भीड़ रहती है।बिजासन माता मंदिर में एक साथ 9 देवियां विराजित हैं। यह मंदिर एक हजार साल पुराना है। यह एकमात्र ऐसा मंदिर है, जहां देवी के 9 स्वरुपों के दर्शन एक साथ होते हैं। यहां 9 रूपों में शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री हैं। सभी 9 देवियां बहनें हैं और स्वयंभू रूप में स्थापित हैं। खास यह है कि यहां शिवजी, काल भैरव और हनुमान जी विराजित हैं। बिजासन माता को सौभाग्य और संतानदायिनी माना जाता है। वैसे तो आम दिनों में भी यहां काफी भक्त उमड़ते हैं। लेकिन, अष्टमी और नवमीं के खास मौके पर श्रद्धालुओं का तांता लग जाता है।

## नवलखा बस स्टैंड शिफ्ट

### ◆ नायता मुंडला आईएसबीटी से प्रारंभ हुआ बस संचालन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर शहर के नवलखा बस स्टैंड को आज औपचारिक रूप से नायता मुंडला स्थित इंटर स्टेट बस टर्मिनल (ISBT) में स्थानांतरित कर दिया गया। अब नवलखा से संचालित होने वाली समस्त बसें नायता मुंडला आईएसबीटी से ही संचालित होंगी। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की अध्यक्षता में विगत दिवस सम्पन्न जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में नवलखा बस स्टैंड को तत्काल नायता मुंडला शिफ्ट करने का निर्णय लिया गया था।

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री प्रदीप शर्मा ने बताया कि नायता मुंडला बस स्टैंड से लगभग 80 बसों का संचालन हरदा, नेमावर, होशंगाबाद एवं बैतूल मार्गों के लिए शुरू किया गया है। बसों के नये संचालन स्थल पर यात्रियों को आधुनिक टर्मिनल पर पार्किंग, प्रतीक्षालय, टिकट काउंटर, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। एसडीएम श्री प्रदीप सोनी ने मौके पर पहुंच कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करायी। इस निर्णय से शहर के भीतर भीड़ वाले नवलखा क्षेत्र में यातायात दबाव कम होगा तथा यात्रियों को बेहतर और सुव्यवस्थित यात्रा सुविधा मिल सकेगी।

## यूट्यूब वीडियो देखकर नकली नोट छापना सीखा

### छात्र और भजन मंडली के सदस्य पकड़ाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। बाणगंगा पुलिस ने नकली नोटों की डिलीवरी करने आए 4 आरोपियों को रविवार रात रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। इनमें 2 छात्र और उनके 2 रिश्तेदार शामिल हैं। आरोपी खंडवा में घर पर ही कलर प्रिंटर से नोट छापते थे और इंदौर आकर सप्लाई करते थे। पुलिस ने उनके पास से 56 हजार रुपए के नकली नोट और प्रिंटिंग मशीन जब्त की है।**

आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने यूट्यूब से सीखकर नोट छापना शुरू किया था। एडिशनल डीसीपी रामस्नेही मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों से दो दिन का रिमांड लेकर पूछताछ शुरू कर दी है और पूरे मामले की जांच जारी है। बाणगंगा थाने की एसआई सीमा मुवेल को सूचना मिली थी कि खंडवा निवासी यशराज मीणा और शुभम मीणा




अपने परिचित हेमंत कुशवाह और सौरभ (निवासी हरदा) के साथ नकली नोटों की डिलीवरी देने इंदौर आ रहे हैं। इस पर पुलिस ने एमआर-10 पर घेराबंदी कर चारों को दबोच लिया। आरोपियों के पास से करीब 56 हजार रुपए के नकली नोट, जिनमें 200 के नोट भी शामिल हैं, बरामद हुए। शुरुआती सौदे में यशराज और शुभम ने 10 हजार के नकली नोट देने के बदले 3 हजार असली रुपए की डील की थी। दूसरी बार वे करीब 24 हजार रुपए के नकली नोट सप्लाई करने पहुंचे थे। इसी दौरान पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी खंडवा में घर पर ही कलर प्रिंटिंग मशीन से नोट छापते थे। मशीन उन्होंने बाजार से खरीदी थी और छपाई की तकनीक यूट्यूब वीडियो देखकर सीखी थी। असली जैसे दिखने वाले नोटों को वे कम दाम पर बाजार में खपाने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने उन्हें धर लिया। पकड़े गए आरोपियों में यशराज और हेमंत भजन मंडली में काम करते हैं। वहीं हेमंत और सौरभ इंदौर के बाणगंगा इलाके में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। पुलिस के मुताबिक इंदौर के ही एक व्यक्ति से उन्होंने नकली नोटों की सप्लाई की बात की थी, जिसके बाद मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई हुई। पुलिस ने आरोपियों से कलर प्रिंटर, नोट प्रिंटिंग के कागज और नकली नोट जब्त किए हैं। अब खंडवा और हरदा में उनके पुराने आपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि नकली नोट और किन-किन लोगों तक पहुंचे हैं।

## स्टार से मिलने जाना था साउथ कोरिया तो घर से भागी 12 साल की बच्ची



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** छोटी ग्वालटोली पुलिस ने रविवार को एक 12 साल की बच्ची को उसके परिवार के सुपुर्द किया। बताया गया कि वह महू से बिना किसी को बताए इंदौर आ गई थी। बच्ची साउथ कोरियन किड्स और यूथ स्टार्स की फैन है, जिन्हें वह सोशल मीडिया पर फॉलो करती है। वह उन सितारों से मिलने के लिए दक्षिण कोरिया जाना चाहती थी। टीआई संजू कामले के अनुसार, बस ड्राइवर ने सूचना दी थी कि एक 12 साल की लड़की अकेले बस स्टैंड के पास घूम रही है। वह अच्छे परिवार से लग रही थी और तनाव में दिख रही थी। सूचना मिलते ही महिला पुलिस को मौके पर भेजा गया और बच्ची को थाने लाया गया।पूछताछ में बच्ची ने बताया कि वह बिना माता-पिता को बताए इंदौर आई है और यहां से कोरिया जॉब के लिए जाना चाहती है। जब उससे परिवार की जानकारी ली गई, तो उसने बताया कि वह खरगोन की रहने वाली है। संबंधित जिले से संपर्क करने पर उसकी गुमशुदगी की कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं मिली। बाद में पूछताछ में बच्ची ने बताया कि वह एक महीने पहले अपने परिवार के साथ महू आ गई थी। महू से जानकारी जुटाने पर पता चला कि उसका परिवार बडगोंदा में रह रहा है, लेकिन वहां भी किसी तरह की गुमशुदगी दर्ज नहीं थी। पुलिस ने सही जानकारी मिलते ही बच्ची को उसके परिजनों से मिलवा दिया।

## 11 वाहनों से वसूला 89 हजार रुपये जुर्माना, चार बसें जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर आरटीओ इंदौर द्वारा यातायात नियमों का पालन नहीं करने वालों वाहनों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस सिलसिले में परिवहन विभाग की टीम द्वारा इंदौर-बुरहानपुर, इंदौर-नेमावर रूट की बसों की चेकिंग की गई। स्कूल बसों, यात्री बसों में विभिन्न कमियां पाए जाने पर 11 से अधिक वाहनों पर जुर्माना लगाया गया। साथ ही बिना परमिट संचालित एक बस को जब्त किया गया। तीन बसों पर 13 लाख रूपये से अधिक का मध्यप्रदेश मोटरयान कर बकाया था जिन्हें जब्त किया गया। इस दौरान वाहनों से 89 हजार रूपये से अधिक का जुर्माना वसूला गया। क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय इंदौर द्वारा लोकपरिवहन वाहनों बसों, स्कूल वाहनों सहित अन्य वाहनों की लगातार चेकिंग की जा रही है। बसों में ओवरलोडिंग, अधिक किराया की भी जांच की जा रही है। लोगों को अपने वाहनों पर HSRP नम्बर प्लेट लगवाने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है। वाहन की गति, स्पीड गवर्नर सहित दस्तावेज की चेकिंग की जा रही है। दस्तावेज नहीं होने, क्षमता से अधिक सवारी पाए जाने, परमिट शर्तों का उल्लंघन करने वाली बसों के साथ ही, विशेष रूप से स्कूल कॉलेज के वाहनों की सघन जाँच की जा रही है।

पकड़ाया महाराष्ट्र का चोर

## 550 ग्राम सोना, 50 हजार नकदी और दो कारें जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। विजयनगर पुलिस ने एक चोर को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। उसने जून 2025 में करीब 90 लाख का माल चुराया था। पुलिस लगातार 800 से ज्यादा सीसीटीवी खंगालते हुए आरोपी तक पहुंची और उसे दबोच लिया।**

आरोपी के पास से करीब 550 ग्राम सोने के जेवर, नकदी और चोरी के रुपए से खरीदी गई दो कारें जब्त की है। डीसीपी कुमार विजय के मुताबिक विजयनगर पुलिस ने पीयूष बोहरा के यहां हुई चोरी के मामले में अमरावती के विजेंद्र उर्फ बंटू पुत्र सुरेश को पकड़ा है। आरोपी ने इंदौर में लाखों रुपए की चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। मामले में पुलिस को पहले कुछ फुटेज मिले थे। हालांकि, विजेंद्र की पहचान करने में पर्याप्त नहीं थे। इसके बाद लगातार फुटेज निकालते हुए पुलिस अमरावती तक पहुंची। जिसमें आरोपी को पकड़ा है। आरोपी ने चोरी का माल अलग अलग ठिकानों पर छिपाया था। उसे बरामद कर लिया है। विजेंद्र उर्फ बंटू पर राजस्थान, हरियाणा और मध्यप्रदेश सहित करीब 31 मामले दर्ज हैं। वह चोरी की वारदातों को अजाम देता है। साथ ही आरोपी पर मादक पदार्थ के मामले में दर्ज हैं। आरोपी से पुलिस ने करीब 3 चोरी की वारदातों का खुलासा किया है। जिसमें चुराया माल पुलिस ने जब्त कर लिया है। अभी आरोपी से पूछताछ में ओर चोरी की वारदातों का खुलासा हो सकता है।

## तोमर की विधानसभा सीट पर प्रियंका गांधी की नजर



**भोपाल, एजेंसी।** चुनावों में लगातार हार के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी जहां वोट चोरी के खिलाफ अभियान चलाकर भाजपा और चुनाव आयोग को घेर रहे हैं, वहीं कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी देश की 5 विधानसभा सीटों पर 'हर बूथ मजबूत' कार्यक्रम शुरू करने जा रहीं हैं। मप्र, उप्र, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा की एक-एक विधानसभा सीटों को इस प्रोग्राम के लिए चुना गया है। कांग्रेस सूत्रों की मानें तो प्रियंका गांधी ने 'हर बूथ मजबूत' कार्यक्रम के लिए मुरैना जिले की दिमनी विधानसभा सीट को चुना है। दिमनी से भाजपा के कद्दावर नेता और मप्र के विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर विधायक हैं। राजस्थान के बाड़मेर जिले की सिवाना से कांग्रेस के पूर्व विधायक और राजस्थान राज्य अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष गोपाराम मेघवाल को प्रियंका गांधी ने दिमनी की जिम्मेदारी सौंपी है।

## रिश्वत लेते पकड़ाए डिप्टी रेंजर ने की आत्महत्या की कोशिश

**बुरहानपुर, एजेंसी।** जिले के नेपानगर की न्यू कॉलोनी में सोमवार दोपहर वन विभाग के डिप्टी रेंजर कृष्ण कुमार बर्मन ने अपनी लाइसेंसी बंदूक से पेट में गोली मार ली। गोली लगने से वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें पहले नेपानगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से डॉक्टरों ने बुरहानपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। डिप्टी रेंजर बर्मन को 16 सितंबर को लोकायुक्त इंदौर की टीम ने 3 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए पकड़ा था। शिकायत अंबा गांव निवासी सदाशिव डावर ने की थी। बताया जा रहा है कि इसी मामले के दबाव और बदनामी के कारण उन्होंने यह कदम उठाया।

## कब्र खोदकर निकाले 2 शव

**खंडवा, एजेंसी।** कब्रिस्तान में दो कब्रें खोदकर शव निकालने का मामला सामने आया है। इनमें से एक कब्र हाल ही में दफनाई गई महिला की थी जबकि दूसरे की पहचान नहीं हो पाई है। वारदात रविवार-सोमवार की दरमियानी रात बड़ा कब्रिस्तान की है। सोमवार सुबह लोगों को इसका पता लगा। परिजन के साथ बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस की टीम भी आई। महिला के शव को दोबारा कब्र में दफनाया गया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो वीडियो में दो युवक पूरी तरह निर्वस्त्र कब्र के पास खड़े दिखे। इनमें से एक खंभे पर चढ़कर सीसीटीवी कैमरे पर कफन का कपड़ा डालता दिखा। पुलिस ने डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर (डीवीआर) जब्त कर लिया है।

## दादी ने पोते की चाहत में पोती को मार डाला

**सिवनी मालवा, एजेंसी।** नर्मदापुरम जिले की सिवनी मालवा तहसील के ग्राम बेरखेड़ी में शुक्रवार (19 सितंबर) को हुई 4 महीने की बच्ची की हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। बच्ची की हत्या उसकी दादी मीनाबाई अशवारे ने की थी। पुलिस ने आरोपी दादी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक 27 मई को जन्मी इस बच्ची को लेकर दादी मीनाबाई खुश नहीं थी, क्योंकि उसे पोते की चाहत थी। घटना वाले दिन बच्ची कृतिका आंगन में झूले पर सो रही थी। मां मीरा घर के पीछे बर्तन धो रही थी। इसी दौरान मौका पाकर मीनाबाई ने बच्ची के मुंह में गमछा ठूंस दिया, जिससे उसकी सांसें थम गईं। बच्ची के मरने के बाद मीनाबाई ने शव को पोटली में बांधकर सूखे कुएं में फेंक दिया और बचने के लिए अपने बाड़े की सफाई करने लगी।

### जीएसटी दरों में कटौती से बाजार में आई रौनक

# घटी जीएसटी, मिला बचत का मीठा उपहार : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत का स्वप्न केवल संकल्प नहीं, बल्कि जल्द ही साकार होने वाला यथार्थ है। इसके लिए देश के हर नागरिक को बराबर का सहयोगी और साथी बनना होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जीएसटी दरों में कटौती कर देशवासियों को बचत का मीठा उपहार दिया है। केंद्र सरकार की बचत संबंधी यह पहल देशवासियों को दीपावली की सौगात है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को भोपाल के ऐतिहासिक चौक बाजार में नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी के प्रचार कार्यक्रम 'बचत उत्सव' के तहत व्यापारियों और आमजन से संवाद कर रहे थे।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवारा क्षेत्र की पुलिस चौकी से दीपाली साड़ी हाउस तक बाजार में पैदल भ्रमण कर दुकानों में जीएसटी बचत उत्सव के स्टीकर्स चिपकाए। दुकानदारों एवं ग्राहकों से आत्मीयतापूर्ण चर्चा की। जीएसटी दरों में कटौती होने से महिलाएं सबसे अधिक खुश नजर आईं। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को



मिष्ठान खिलाकर अपनी खुशी जाहिर भी की। मुख्यमंत्री ने विभिन्न प्रतिष्ठानों से स्वदेशी वस्त्रों और परिधानों की खरीददारी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाजार में खरीददारी करने आए ग्राहकों और आमजनों से भी आत्मीय भेंट की। बाजार में पैदल भ्रमण एवं भेंट के दौरान दुकानदार और आमजन ने मुख्यमंत्री का पुष्पवर्षा कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दुकानों में व्यापारियों से संवाद करते हुए कहा कि आज से देशभर में लागू हुई नई जीएसटी कटौती दरें जनता के जीवन में बचत और समृद्धि लेकर आई हैं। उन्होंने कहा कि शारदीय नवरात्र के पहले दिन से शुरू हुआ यह कदम देशवासियों के लिए 'जीएसटी बचत उत्सव' की तरह मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी से स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने की अपील करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत का मार्ग तभी प्रशस्त होगा, जब हम अपने स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार का यह कदम आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण की दिशा में ऐतिहासिक और दूरगामी पहल है, जो भविष्य में मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने व्यापारियों के साथ जीएसटी कटौती पर चर्चा की और उन्हें मिठाई खिलाकर जीएसटी बचत उत्सव की बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव चौक बाजार में विजयवर्गीय ज्वेलर्स पहुंचे। यहां प्रतिष्ठान स्वामी ने मिष्ठान खिलाकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव भ्रमण के दौरान मान्यवर, रिवाज, जानकी साड़ी, धरा ज्वेलर्स, सत्यम फैब्रिक्स ओर दीपाली साड़ी हाउस पहुंचे और सभी दुकानों में जीएसटी बचत उत्सव के स्टीकर्स चिपकाए। उन्होंने दुकान स्वामियों को जीएसटी की नई दरों के बारे में भी जानकारी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दुकानदारों और ग्राहकों को नवरात्रि और दशहरा की शुभकामनाएं दीं और त्यौहारी सीजन में अपने लिए कुछ कपड़े भी खरीदे, पक्का बिल बनवाया और यूपीआई के जरिए ऑनलाइन पेमेंट कर सभी को डिजिटल पेमेंट से जुड़ने का संदेश भी दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी से नई जीएसटी दरों का प्रचार-प्रसार करने और जन-जन तक जीएसटी में कटौती का संदेश पहुंचाने के अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया।

# उज्जैन में भाजपा नेता ने मंच से कहा- धर्म का नाश हो..!

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल का एक वीडियो सामने आया है। जिसमें वे एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे हैं। अपने भाषण के दौरान वे 'धर्म का नाश हो' कहते नजर आ रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद कांग्रेस ने सोमवार को भाजपा नेता संजय अग्रवाल का विरोध किया। उनका पुतला जलाया। कांग्रेस नेताओं ने उनके बयान को लोगों की धार्मिक आस्था का अपमान बताया है। उनसे माफी मांगने और उन पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।कांग्रेस विधायक महेश परमार ने भाजपा नेता का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए इसे आपत्तिजनक बताया



है। उज्जैन के नगर भाजपा अध्यक्ष संजय अग्रवाल का ये वीडियो 11 सितंबर का बताया जा रहा है। उस दिन भाजपा नगर कार्यालय लोकशक्ति भवन में नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों का स्वागत समारोह था। इसी दौरान भाषण देते हुए संजय अग्रवाल ने कहा- 'कांग्रेस का सत्यानाश हो, प्राणियों में सद्भावना हो, धर्म का नाश हो। 'जैसे ही यह शब्द उनके मुंह से निकले, वहां पास में ही बैठे भाजपा महामंत्री मुकेश यादव ने उन्हें टोका, लेकिन अग्रवाल ने उन्हें भी बिठा दिया। इसके बाद सामने बैठे लोगों की प्रतिक्रिया पर अग्रवाल ने कहा कि रात को देर से सोया था, गलती हो जाती है। इसके बाद मंच और सभा में ठहाके गूंज उठे। सोमवार को कांग्रेस ने प्रदर्शन के दौरान गौमूत्र और गंगाजल से भाजपा कार्यालय को शुद्ध करने के लिए वहां जाने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया। कांग्रेस विधायक महेश परमार ने मांग की है कि संजय अग्रवाल तत्काल इस्तीफा दें और भाजपा संगठन उन पर कठोर कार्रवाई करे।

## गरबा पंडालों में लगे पोस्टर, जिहादियों को आना मना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश में नवरात्रि से पहले गरबा उत्सवों को लेकर सनातनी संगठनों का सख्त रुख देखने को मिल रहा है। भोपाल में श्रीकृष्ण सेवा समिति ने गरबा पंडाल में गैर-हिंदुओं के प्रवेश पर चेतावनी जारी की है, जिसमें कहा गया है कि अगर कोई गैर-हिंदू गरबा में आता है, तो उसकी 'घर वापसी' कराई जाएगी और उसे गंगाजल पिलाकर गौमूत्र छिड़का जाएगा। इसके अलावा, समिति के कार्यकर्ता हाथों में लठ्ठ लेकर पंडालों पर तैनात रहेंगे और 'जिहादियों की उचित व्यवस्था' करने का संदेश दिया गया है। वहीं बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने गरबा पंडालों में गैर-हिंदुओं की एंट्री को लेकर कहा कि जैसे हिंदू समुदाय हज यात्रा में भाग नहीं लेता, वैसे ही मुस्लिमों को गरबा में नहीं आना चाहिए। शास्त्री ने गरबा आयोजकों से अपील की है कि वे प्रवेश द्वार पर गौमूत्र रखें, जो हिंदू परंपरा में पवित्र माना जाता है। उनका कहना है कि इससे केवल सच्चे भक्त ही गरबा में प्रवेश कर पाएंगे।

# उज्जैन, देवास, नलखेड़ा में उमड़ा भक्तों का सैलाब

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। मध्यप्रदेश के प्रमुख देवी मंदिरों उज्जैन, देवास और नलखेड़ा में नवरात्रि का उल्लास छाया हुआ है, जहां मां हरसिद्धि, चामुंडा, तुलजा भवानी और बगलामुखी के दर्शन के लिए भक्त उमड़ रहे हैं। मंदिरों में विजय और मनोकामना पूर्ति के लिए श्रद्धालु आ रहे हैं। मालवा क्षेत्र के इन मंदिरों में 9 दिनों तक लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है, खासकर सप्तमी और अष्टमी को अधिक भीड़ रहेगी।**

शारदीय नवरात्र के 9 दिनों में माता मंदिरों में विशेष



श्रृंगार ओर आरती की जाएगी। शक्ति की भक्ति का महापर्व शारदीय नवरात्र आज से आरंभ हो गए हैं। शास्त्रोक्त विधि से माता के मंदिरों के साथ कई घरों में घटस्थापना और पूजन सुबह से ही शुरू हो गया है। नंगे पैर चलकर भक्त माता के दरबार में पहुंच रहे हैं। भक्तवत्सला, कृपामयी देवी की वंदना में भक्त जुटे हैं। नौ दिनों तक शक्ति की भक्ति होगी और जन-मन उल्लासित रहेगा। प्रमुख शक्तिपीठों के साथ ही प्रसिद्ध माता मंदिरों में विशेष व्यवस्था की गई है। प्रातः व संध्या आरती के साथ ही प्रतिदिन माता के श्रृंगार होगा। नए आभूषण अर्पित किए जाएंगे। देवास में तुलजा भवानी और चामुंडा माता के मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। माता टेकरी पर तुलजा भवानी और चामुंडा माता विराजमान हैं। दोनों को बहनें भी कहा जाता है।

## संपादकीय

# अमेरिका ही ज्यादा प्रभावित होगा

प्रधानमंत्री के इकोनॉमिक एडवाइजरी काउंसिल के सदस्य संजीव सान्याल ने कहा है कि H-1B जैसे लंबे समय का वीजा संबंधित देशों के लिए ज्यादा फायदेमंद (मौजूदा केस में अमेरिका) है, उन देशों के मुकाबले जिनके लोगों के लिए यह जारी किया जाता है। उन्होंने कहा कि भारत को किसी भी देश के साथ लंबे समय के वीजा के लिए बातचीत नहीं करनी चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से अमेरिकी H-1B वीजा को लेकर कहा है कि डोनाल्ड ट्रंप के फैसले से किसी भी अन्य देश से ज्यादा अमेरिका पर ही असर पड़ेगा। एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के इकोनॉमिक एडवाइजरी काउंसिल के सदस्य संजीव सान्याल से जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से H-1B वीजा पर फीस अप्रत्याशित रूप से बढ़ाए जाने को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, ऐसे वीजा ज्यादातर अमेरिकी कंपनियां ही इस्तेमाल करती हैं। उन्होंने इशारों में बताया कि ट्रंप का फैसला अमेरिका को ही ज्यादा प्रभावित करेगा। संजीव सान्याल के मुताबिक 'H-1B और किसी भी अन्य लंबे समय के वीजा पर मेरे विचार लंबे वक्त से एक ही रहे हैं। यह वास्तव में उस देश के लिए अच्छी चीज है। आज भी H-1B मुख्य तौर पर अमेजन, गूगल और यही सब इस्तेमाल करती हैं, भारतीय कंपनियों द्वारा नहीं। फिर अगर वो आईटी कंपनियां हैं, उन्हें (लोगों को) अमेरिका भेजने की जरूरत क्यों है? आप एक ऐसे उद्योग में हैं, जिसमें काम कहीं से भी हो सकता है। आपको वहां जाने की जरूरत क्यों है?' सान्याल ने कहा है कि उनका स्पष्ट मानना है कि भारत को किसी भी देश के साथ वीजा के मुद्दे पर बातचीत नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'किसी भी देश के साथ भारतीय वार्ताकारों को लॉन्ग टर्म वीजा पर वास्तव में चर्चा नहीं करनी चाहिए... हम इसे बातचीत का मुद्दा क्यों मान रहे हैं... यह तो उन्हें हमसे पूछना चाहिए...।' उनका कहना है कि 'प्रॉसेस रिफॉर्म्स रेसिडेंट्स के लिए एक अच्छी बात है और हमें इसमें तेजी लानी चाहिए, न कि सिर्फ H1-B वीजा मुद्दे की वजह से या संभावित रूप से वापस लौटने वाले एनआरआई के लिए।' पिछले हफ्ते अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक आदेश जारी कर कंपनियों की ओर से अमेरिका भेजे जाने वाले लोगों की वीजा आवेदन फीस बढ़ाकर 1,00,000 डॉलर कर दिया है। इसको लेकर शुरू में काफी अफरा-तफरी मच गई। लेकिन, बाद में स्पष्ट किया गया कि यह नए वीजा आवेदकों पर लागू होगा और यह सिर्फ एक बार लिया जाएगा।

## OSHO कहिन

**"खुशी कहीं बाहर से नहीं आती, यह आपके अंदर से उत्पन्न होती है।"**



## Health is Wealth

# आँखें हमेशा हेल्दी रखनी हैं तो आज ही छोड़ दें ये 3 आदतें सबसे ज्यादा पहुंचाती हैं नुकसान!



**आजकल आंखें कमजोर होना बहुत नॉर्मल हो गया है। अब ये सिर्फ बढ़ती उम्र के साथ होने वाली परेशानी नही रही, बल्कि युवाओं और यहां तक कि छोटे बच्चों में भी देखी जा रही है। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं, लेकिन आजकल जो हमारा खानपान और आदतें हैं, वो इसके पीछे की सबसे बड़ी वजह हैं। आई सर्जन डॉ भानु ने एक वीडियो पोस्ट के जरिए इन्हीं आदतों का जिक्र किया है। डॉक्टर बताते हैं कि आँखें कमजोर होने के पीछे कई बार हमारी कुछ आदतें ही जिम्मेदार होती हैं। इन आदतों में से अगर ये 3 आदतें भी आप आज सुधार लें, तो लाइफटाइम आपकी आँखें हेल्दी बनी रहेंगी। आइए विस्तार में जानते हैं।**

### ◆ घंटों तक स्क्रीन के सामने बैठना

आजकल बच्चे हों या बड़े, सबका ज्यादातर टाइम स्क्रीन के आगे ही गुजरता है। कभी फोन, टीवी तो कभी लैपटॉप। डॉक्टर कहते हैं कि इस वजह से ही आंखों में जलन, ड्राइनेस और चश्मे का नंबर बढ़ने की संभावना रहती है। अगर किसी वजह से आपको घंटों स्क्रीन के आगे बैठना ही पड़ता है, तो 20-20-20 रूल फॉलो करें। इसमें आपको हर 20 मिनट में 20 सेकेंड का ब्रेक लेना होता है और किसी 20 फीट दूर रखी चीज को देखना होता है। इसके अलावा स्क्रीन की ब्राइटनेस को कम रखें और एंटी-ग्लेयर ग्लासेज का इस्तेमाल करें।

### ◆ ज्यादा टेंशन लेना बंद करें

डॉक्टर भानु कहते हैं कि ओवरऑल हेल्दी रहना है, तो ज्यादा टेंशन लेना बंद कर दीजिए। इससे सिर्फ आपके दिल और दिमाग नहीं बल्कि आंखों पर भी बुरा असर पड़ता है। ज्यादा स्ट्रेस की वजह से ब्लड फ्लो सही नहीं होता, जिससे आंखों के कई बीमारियों के चांस बढ़ जाते हैं। डॉक्टर कहते हैं कि आप अपने लाइफस्टाइल में मेडिटेशन, योग जैसी चीजें शामिल कर सकते हैं। इसके अलावा अपनी मनपसंद चीजों में भी समय बिता सकते हैं।

### ◆ स्मोकिंग करना बंद करें

स्मोकिंग की आदत भी आपकी आंखों के लिए बहुत खतरनाक है। डॉक्टर कहते हैं कि स्मोकिंग आपके फेफड़ों और दिल के अलावा, आंखों के पर्दे पर भी असर डालती है। इससे आपकी नसें कमजोर हो जाती हैं और मोतियाबिंद का चांस भी बढ़ जाता है। इतना ही नहीं, 'एज रिलेटेड मैक्यूलर डिजेनरेशन', नामक गंभीर बीमारी का खतरा भी स्मोकिंग के चलते बढ़ सकता है।

Paschim bangal

# दुर्गा पूजा से पहले पानी-पानी कोलकाता, भारी बारिश से हावड़ा यार्ड जलमग्न, मेट्रो सेवा बाधित, 5 की मौत

**कोलकाता, (एजेंसी)** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता और उसके आसपास के इलाकों में बीती रात और मंगलवार को हुई भारी बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। कोलकाता और हावड़ा में कई जगहों पर घुटनों तक पानी भर गया है, जिससे वहां आवागमन ठप हो गया है। कोलकाता के कई इलाके जलमग्न हो गए हैं। यहां तक कि हावड़ा के रेलवे यार्ड में भी बारिश का पानी घुस गया है। पानी में करंट दौड़ने की वजह से वहां पांच लोगों की मौत हो गई है। बारिश के इस दौर ने कोलकाता में दुर्गा पूजा उत्सव पर ग्रहण लगा दिया है। भारी बारिश और सड़कों पर पानी भर जाने के कारण कई स्कूलों ने



छुट्टी घोषित कर दी है। जल जमाव की वजह से कोलकाता मेट्रो की सेवा भी बाधित हुई है। कई जगहों पर घुटनों तक पानी भर गया और यातायात पूरी तरह से ठप हो गया है। भारी बारिश की वजह से एयरलाइन्स कंपनियों ने भी एडवायजरी जारी की है। शहर के कई घरों और आवासीय इलाकों में भी पानी घुस गया है। आरजी कर अस्पताल में भी पानी घुस गया है। कोलकाता नगर निगम (KMC) के अनुसार, शहर के दक्षिणी और पूर्वी हिस्सों में बारिश की तीव्रता ज्यादा रही। गरिया कामदहारी में कुछ ही घंटों में 332 मिलीमीटर बारिश हुयी, जबकि जोधपुर पार्क में 285 मिमी बारिश दर्ज की गई। कालीघाट में 280 मिमी, तोपसिया में 275 मिमी, बल्लीगंज में 264 मिमी, जबकि उत्तरी कोलकाता के थंटानिया में 195 मिमी बारिश हुई है।

New Delhi

◆ दिल्ली में जहरीला कुट्टू

## नवरात्रि के पहले दिन आटा खाने से 200 लोग बीमार



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** उत्तर पश्चिम जिला के विभिन्न इलाके में कुट्टू का आटा खाने के बाद सैकड़ों लोग बीमार हो गए। सभी को बाबू जगजीवन राम अस्पताल में लाया गया। जिला पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि मंगलवार तड़के 6.10 बजे जहांगीरपुरी थाना पुलिस को बड़ी संख्या में लोगों के कुट्टू का आटा खाने के बाद बेचैनी की शिकायत किए जाने की सूचना मिली।

सूचना पर पुलिस तुरंत बाबू जगजीवन राम अस्पताल पहुंची। जहां पूछताछ करने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विशेष यादव ने बताया कि जहांगीरपुरी, महेंद्र पार्क, समयपुर, भलस्वा डेयरी, लाल बाग और स्वरूप नगर जैसे इलाकों से लगभग 150-200 लोग उल्टी की शिकायत लेकर आपातकालीन वार्ड में आए थे।

उन्होंने बताया कि सभी मरीजों की हालत स्थिर पाई गई। किसी को भी अस्पताल में भर्ती करने की आवश्यकता नहीं पड़ी। किसी भी मामले की गंभीरता की सूचना नहीं है। पुलिस ने मामले पर तुरंत कार्रवाई करते हुए स्थानीय दुकानदारों, विक्रेताओं और निवासियों को बीट स्टाफ और जन संबोधन प्रणालियों के माध्यम से जागरूक कर रही है। मामले को आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए खाद्य विभाग को भी सूचित कर दिया गया है।

Uttarakhand

## प्लास्टिक की थैली में बंद मिला 21 साल की महिला का शव

**देहरादून, (एजेंसी)** उत्तराखंड के देहरादून में एक महिला का प्लास्टिक की थैली में शव मिला. जिससे हड़कंप मच गया. मृतक की पहचान विशाखा के रूप में हुई है. इस बात की जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने एक न्यूज एजेंसी को दी. फिलहाल सूचना पर पहुंची पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है. पुलिस ने बताया कि सोमवार को यहां एक चाय बागान में प्लास्टिक की थैली में 21 वर्षीय एक महिला का शव मिला. शव पर कोई गंभीर बाहरी चोट के निशान नहीं हैं और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. महिला की पहचान शहर के प्रेम नगर इलाके की रहने वाली विशाखा के रूप में हुई है. पुलिस अधीक्षक (नगर) प्रमोद कुमार ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह हत्या का मामला प्रतीत होता है और सभी पहलुओं की जांच की जा रही है. शव की जानकारी मिलते ही वसंत विहार इलाके में हड़कंप मच गया और मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई. पुलिस ने कहा कि महिला के परिवार के सदस्यों से पूछताछ की जा रही है. कुमार ने कहा, 'मामला संवेदनशील है, इसलिए हम इस समय ज्यादा कुछ नहीं बता सकते.'

New Delhi

## सुप्रीम कोर्ट बोला-मानहानि अपराध की श्रेणी से बाहर की जाए

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि अब समय आ गया है कि मानहानि को अपराध की श्रेणी से बाहर किया जाए। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच पूर्व जेएनयू प्रोफेसर अमिता सिंह की ओर से 2016 में एक मीडिया संस्थान के खिलाफ दाखिल मानहानि मामले की सुनवाई कर रही थी।

मीडिया संस्थान की रिपोर्ट में दावा किया गया था कि प्रोफेसर अमिता सिंह ने एक डॉजियर (दस्तावेज) तैयार किया था, जिसमें जेएनयू को अश्लील गतिविधियों और आतंकवाद का अड्डा बताया गया। अमिता सिंह का आरोप है कि रिपोर्टर और संपादक ने बिना सत्यता जांचे यह खबर प्रकाशित की, जिससे उनकी प्रतिष्ठा को



नुकसान पहुंचा। सुनवाई के दौरान जस्टिस सुंदरेश के आदेश पर वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कोर्ट से सहमति जताते हुए कहा कि राहुल गांधी का मामला भी इसी तरह विचाराधीन है। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने प्रोफेसर अमिता सिंह को नोटिस भेजा।

खेल

# क्रिकेट के बाद फुटबॉल में भी पाकिस्तान ने मुंह की खाई, भारतीय अंडर-17 टीम ने हराया

**कोलंबो, (एजेंसी)** पाकिस्तान को क्रिकेट के मैदान के बाद फुटबॉल में भी भारत से शिकस्त का सामना करना पड़ा है। भारत ने सैफ अंडर-17 फुटबॉल चैंपियनशिप के बेहद रोमांचक मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 3-2 से शिकस्त दी। भारतीय क्रिकेट टीम ने जहां रविवार को एशिया कप के मुकाबले में पाकिस्तान को हराया, वहीं सोमवार को भारतीय युवा फुटबॉल टीम ने पाकिस्तान को हार का स्वाद चखाया।



### मोहम्मद अब्दुल्ला ने विवादित तरीके से मनाया जश्न

दोनों टीमों के सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई करने के बाद यह मुकाबला औपचारिक हो गया था, लेकिन मैच के दौरान पाकिस्तान के मोहम्मद अब्दुल्ला का विवादास्पद जश्न चर्चा का विषय बन गया। भारत ने मैच के 31वें मिनट में डल्लालमुओन गांगटे के गोल से बढ़त बना ली। पाकिस्तान ने 43वें मिनट में अब्दुल्ला द्वारा पेनल्टी को गोल में बदलकर बराबरी की। गोल करने के बाद वह अपने साथियों के साथ एक अनोखे जश्न में चाय पीने की नकल करने लगा। उसका यह जश्न हालांकि पाकिस्तान के लिए ही भारी पड़ गया क्योंकि भारत ने शानदार खेल दिखाते हुए अपनी श्रेष्ठता साबित कर दी।

गुनलेइबा वांगखेइराकपम ने 63वें मिनट में गोल कर भारत को फिर से बढ़त दिला दी लेकिन इसके सात मिनट बाद ही हमजा यासिर ने पाकिस्तान के लिए बराबरी का गोल दाग दिया। रहाम अहमद ने 73वें मिनट में गोल कर भारत को 3-2 से आगे कर दिया जो निर्णायक साबित हुआ। भारत ने इसके बाद रक्षापंक्ति को मजबूत कर पाकिस्तान को बराबरी करने का मौका नहीं दिया।

अब्दुल्ला का यह विवादास्पद जश्न पाकिस्तान के क्रिकेटरों हारिस रऊफ और साहिबजादा फरहान द्वारा रविवार को दुबई में भारत के खिलाफ एशिया कप सुपर चार मैच के दौरान किए गए उकसाने वाले इशारों के ठीक एक दिन बाद आया। भारत ने एशिया कप का वह मैच छह विकेट से जीता था, जिसके बाद भारत की युवा फुटबॉल टीम ने श्रीलंका की राजधानी में रेसकोर्स इंटरनेशनल स्टेडियम में पाकिस्तान को शिकस्त दी।

सिनेमा

# 7 साल बाद सिल्वर स्क्रीन पर कमबैक करेंगी सोनम कपूर, बेटे वायु की खातिर लिया था ब्रेक



एक्ट्रेस सोनम कपूर लंबे समय से बॉलीवुड की सबसे स्टाइलिश एक्ट्रेसेज में गिनी जाती रही हैं. लेकिन पिछले कुछ समय से वो बड़े पर्दे से दूर हैं. एक्ट्रेस ने भले ही इंटरनेशनल और नेशनल रैम्प वॉक पर अपना जलवा बिखेरा लेकिन बिग स्क्रीन से गायब रहीं. सोनम ने ऐसा मदरहुड की वजह से किया. सोनम खुद बताती हैं कि उन्होंने हालिया वक्त में प्रोफेशनल फ्रंट से ऊपर अपनी पर्सनल लाइफ को रखना ज्यादा जरूरी समझा. उन्होंने बेटे वायु के जन्म के बाद से ही अपनी ममता को ज्यादा महत्व दिया और बच्चे-परिवार को वक्त दिया. लेकिन अब सोनम बड़े पर्दे पर कमबैक के लिए तैयार हैं. पिछले कुछ साल परिवार पर ध्यान देने और बीच-बीच में फैशन इवेंट्स में नजर आने के बाद, अब सोनम नए जोश और मकसद के साथ फिल्मों में लौटने की तैयारी कर रही हैं. बातचीत में सोनम ने कहा कि, "मैं मां बनी और चाहती थी कि इस अनुभव को पूरी तरह जी सकूं, ताकि अपने बेटे को बड़ा होते हुए देख सकूं. मैं मातृत्व का आनंद लेना चाहती थी और ये मेरे जीवन का सबसे खूबसूरत अनुभव रहा."

## Highlights

1. **Delhi govt to test 'smog-eating' photocatalytic coatings on road**
2. **Bihar Congress protests govt leasing 1,050-acre land to Adani at ₹1/yr**
3. **Come at appropriate stage: SC as it rejects Jacqueline's plea**
4. **Border villages are nation's 'First Villages': PM Modi**
5. **Khalistani separatist Inderjit Gosal, close aide of terrorist Pannun, arrested in Canada**

# New Delhi Record sales for Maruti Suzuki, Hyundai India sales on first day of GST 2.0

**NEW DEIHI, (Agency).** The historical No.1 and No.2 carmakers in India had their best single-day sales in years, as the rollout of GST 2.0 on the first day of Navratri brought buyers to showrooms by the droves.

Maruti Suzuki India Ltd. clocked 80,000 inquiries and 30,000 deliveries of its cars on Monday, the highest in the last 35 years. Since new car prices were announced on 18 September, the country's largest carmaker has clocked 15,000 bookings every day—50% higher than usual.

"Compared to last year (festive season), the overall response has been exceptionally strong," Partho Banerjee, senior executive officer (marketing and sales) at the Alto K10 maker, said in a statement on Monday. "Demand for small cars has been especially strong, with bookings growing by nearly 50%."

"Inquiries are very high, and we may even run out of stock for certain variants."



At the same time, on the same day, Hyundai Motor India Ltd. clocked 11,000 dealer billings— the highest in five years—in "a clear testament of robust festive sentiment and customer confidence", Chief Operating Officer Tarun Garg said.

"We anticipate sustained demand in the days and weeks to come, and remain committed to delivering value and excitement to our customers."

On 4 September 2025, the government cut GST rates on hundreds of items—from soaps to small cars—as part of a rationalisation move that saw the number of tax slabs reduced to two (5% and 18%) from four (5%, 12%, 18% and 28%). While most essential items are in the 5% bracket, discretionary items attract an 18% GST. A new tax slab of 40% has been introduced for so-called sin goods, but the compensation cess has been done away with altogether.

Essentially, small cars—less than 4 m length with up to 1,200 cc petrol or 1,500 cc diesel engines—are now taxed at 18% from 28% earlier. Anything larger is taxed at 40%, but that's still less than the 28% and compensation cess charged in the previous regime, which took the total tax incidence to as high as 50% in some cases.

# Nvidia to invest $100 billion in OpenAI to build world-beating AI infrastructure

**NEW DEIHI, (Agency).** Nvidia Corp. has agreed to invest up to $100 billion in OpenAI to support the building of new data centres, in what is seen as a blockbuster deal to build the world's most advanced AI infrastructure.

Both OpenAI and Nvidia are at the forefront of an AI overdrive that's gripped the world.

Both OpenAI and Nvidia are at the forefront of an AI overdrive that's gripped the world.

The companies at the forefront of the AI overdrive have signed a letter of intent to deploy 10 GW of Nvidia systems for OpenAI's next-generation AI infrastructure, according to a statement on Monday. That will be used train and run models "on the path to deploying super-intelligence".

"Nvidia and OpenAI have pushed each other for a decade, from the first DGX supercomputer to the breakthrough of ChatGPT," Jensen Huang, founder and chief executive of the world's most valued chipmaker, said in the statement. "This investment and infrastructure partnership mark the next leap forward—deploying 10 gigawatts to power the next era of intelligence." Nvidia will receive equity in OpenAI in the deal, Bloomberg reported, citing people familiar with the arrangement. The investment will be in stages with the first $10 billion coming when the first gigawatt of computing power is deployed, the people said. "Everything starts with compute," OpenAI's co-founder and CEO Sam Altman said in the statement. "Compute infrastructure will be the basis for economy of the future, and we will utilise what we are building with Nvidia to both create new AI breakthroughs..."

# ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक

## सलाह -मार्गदर्शन हेतु सम्पर्क करें

### "एक सलाहकार और शुभचिंतक"

आपकी परिस्थितियों को समझते हुए मेरी एक अनुष्ठानिक प्रयोग की सलाह आपकी पीड़ा / समस्या के समाधान में सहायक हो सकती है।

### - कतिपय अनुष्ठान प्रयोग -

*एक दिवसीय महागणपति एवं आदिदेवभास्कर अभिसिंचन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय अष्टमहालक्ष्मी विनायक अनुष्ठान*

*एकदिवसीय महादेवरुद्र स्तवन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय हनुमंतवंदन- वाल्मीक सुंदरकांड अनुष्ठान*

*त्रिदिवसीय सत्यनारायण पूजनकथा - हरिकथा अनुष्ठान*

इसके अन्यत्र यजमान की समस्या की भूमिका एवं प्रकृतिनुसार अन्य वैदिक/शास्त्रोक्त अनुष्ठानों का भी प्रयोग समस्या निवारण में किया जा सकता है।

कृपया अपनी जिज्ञासा/सलाह हेतु संपर्क करे।

Email - babapandit.in@gmail.com


स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक